संक्षिप्त

दानपात्र से 9.52 लाख रूपए मिले

निवाई। देवधाम जोधपुरिया में भगवान देवनारायण के मंदिर में ट्रस्ट के अध्यक्ष नरेश गुर्जर की अध्यक्षता में दानपात्र खोले गए। दानपात्रों से कुल 9 लाख 52 हजार 550 रुपए की राशि प्राप्त हुई है। जिसे कोषाध्यक्ष द्वारा मंदिर ट्रस्ट के बैंक खाते में जमा करवा दिया गया। ट्रस्ट महामंत्री रतनदीप गुर्जर एवं कोषाध्यक्ष जगदीश बोकण ने उपस्थित श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों के समक्ष मंदिर ट्रस्ट की आय-व्यय का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। ट्रस्ट पदाधिकारियों ने बताया कि दान की राशि का उपयोग मंदिर विकास, धार्मिक आयोजनों एवं सामाजिक कार्यों में पारदर्शिता के साथ किया जाएगा। ट्रस्ट अध्यक्ष नरेश गुर्जर ने कहा कि आगामी मेले को लेकर सभी समाज के लोगों के सुझाव व विचार आमंत्रित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले लक्खी मेले को भव्य और सुव्यवस्थित रूप से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंदिर ट्रस्ट की आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रत्येक महीने में सार्वजनिक किया जाएगा, जिससे लोगों को कितनी राशि प्राप्त हुई और कितना खर्च हुआ है की जानकारी रहेगी। नरेश गुर्जर ने कहा कि मंदिर ट्रस्ट अब धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षा के क्षेत्र में भी नवाचार करेगा। ट्रस्ट को धर्म के साथ शिक्षा से जोड़ा जाएगा और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर मंदिर के विकास कार्य किए जाएंगे।

छामुनिया मंडल अध्यक्ष बनी

टोंक। अग्रवाल समाज के सगठन ने बीना जैन छामुनिया को अग्रवाल समाज 84 महिला मंडल के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित किया हैं, यह चयन उन्हे सामाजिक अनुभव, नेतृत्व क्षमता, संगठन के प्रति समर्पण एवं समाजसेवा की भावना के बाद दिया गया है। छामुनिया सगठन के मार्गदर्शन में महिला मंडल में नई ऊर्जा, सशक्त सहभागिता और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से समाज को नई दिशा प्रदान करेगी। संगठन ने बताया कि नारी शक्ति को संगठित कर समाजहित, संस्कार, शिक्षा, सेवा एवं सामाजिक एकता को और अधिक मजबूत करने हेतु छामुनिया को पद देते हुए उन्हे बधाई देकर उत्तम स्वास्थ्य, दृढ़ संकल्प एवं निरंतर सफलता प्रदान करने हेतु शुभकामनाऐं दी है।

अवैध दो बन्दूक के साथ आरोपी पकड़ा

टोंक। अति. पुलिस अधीक्षक रतनलाल भार्गव के निर्देशन में वृताधिकारी पीपलू रामवअतार एवं बरोनी थानाधिकारी नूर मोहम्मद के नेतृत्व में गठित थना टीम द्वारा नाहरवाडी मोड के पास से एक देशी टोपीदार व एक नाली बन्दूक जप्त कर आरोपी महेन्द्र पुत्र जगदीश जाति बैरवा उम्र 32 साल निवासी हथौना को गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही के बाद आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आर्मस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान प्रारम्भ किया।

पौषबड़ा महोत्सव आज

कोटपूतली । समीपवर्ती ठाम पुरुषोत्तमपुरा स्थित श्री जगन्नाथ गौशाला में सोमवार, 12 जनवरी को प्रातः 11:15 बजे से मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में गौ सेवार्थ विषाल म्हासी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। भाजपा पूर्व जिला कोषाध्यक्ष शषि मित्तल ने बताया कि इस मौके पर गायक कलाकार जयराम ठेकला एण्ड पार्टी पपली लखेरा (नाट्यय कलाकार) द्वारा कार्यक्रम की प्रस्तुती दी जायेगी। वहीं इस दौरान विषाल पौषबड़ा महोत्सव का आयोजन भी होगा।

सामूहिक विवाह सम्मेलन 1 मई को

फुलेरा। बलाई समाज जागृति एवं आयोजन समिति तहसील फुलेरा की बैठक रविवार को समिति अध्यक्ष प्रमोद कालावत की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन पीपल पूर्णिमा के अवसर पर शुक्रवार 1 मई 2026 को आयोजित किया जाएगा।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

कांग्रेस का टोंक जिला स्तरीय मनरेगा बचाव संग्राम जन आंदोलन शुरु

टोंक। जिला कांग्रेस कमेटी टोंक की ओर से एक जिला स्तरीय मनरेगा बचाव संग्राम जन आंदोलन के तहत उपवास कार्यक्रम घंटाघर चौराहा अंबेडकर सर्किल के बाहर रखा गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष सऊद सईदी ने कहा की मोदी सरकार धीरे-धीरे मनरेगा को बंद करना चाहती है ,ये गरीबों की रोजी पर सीधा हमला है, इसे बेरोजगारी बढेगी, मजदूरी घटेगी, गरीब और मजदूर लोगों का पलायन तेज होगा और पंचायतों को बेअसर कर दिया जाएगा। वही पूर्व जिलाध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा ने कहा कि मनरेगा को कमजोर कर बीजेपी सरकार ने गाँवों में रहने वाले देश के करोड़ों लोगों, मजदूरों के साथ विश्वासघात किया है।

इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष रामविलास चौधरी, पूर्व विधायक कमल बेरवा, के.सी. मीणा, किसान नेता राम चौधरी, संगठन महासचिव दिनेश चौरसिया, सरपंच संघ प्रदेश उपाध्यक्ष हंसराज फागणा, ब्लॉक अध्यक्ष कैलाशी देवी मीणा, मिर्जा इरशाद बेग जहीरूद्दीन टोड़ा, अवधेश शर्मा बजरंग लाल वर्मा पीपलू ब्लॉक अध्यक्ष जय नारायण मीणा निवाई शहर अध्यक्ष सतीश शर्मा टोडा ब्लॉक अध्यक्ष एम इस्लाम सेवादल जिला अध्यक्ष अब्दुल खालीक युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष हंसराज गुजल राहुल सैनी, फोजू राम मीणा, शब्बीर अहमद, सलीमुद्दीन खान, धर्मेंद्र सालोदिया, शिवराज बेरवा, , प्रकाश धाकड़, ,बरकत हसीन युसूफ यूनिवर्सल, सीपी मेहता, अशोक महावर, अकबर खान, मनिंदर बेरवा विकास लोधी, मूलचंद बेरवा, सीपी श्रीवास्तव, बजरंग लाल वर्मा इत्यादि के अलावा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

टोंक जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मनरेगा बचाव संग्राम जन आंदोलन के तहत उपवास कार्यक्रम घंटाघर चौराहा के बाहर किया।

■ मोदी सरकार धीरे-धीरे मनरेगा को बंद करना चाहती है ,ये गरीबों की रोजी पर सीधा हमला है

सिंधी भाषा लर्निंग कोर्स परीक्षा सम्पन्न

किशनगढ़ बास। सिंधी भाषा लर्निंग कोर्स परीक्षा रविवार को किशनगढ़ बास के माउंट ओएसिस एस के आए स्कूल में सम्पन्न हुई।

यह परिक्षा राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद नई दिल्ली की ओर से भारतीय सिंधु सभा राजस्थान न्यास के सहयोग से चल रही सिंधी भाषा की कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की गई। जिससे 143 विद्यार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। इस परिक्षा के सुपरवाइजर हीरानंद व प्रीति भूरानी ने बताया परीक्षा केंद्र माउंट ओएसिस एस के आए स्कूल में रविवार को राष्ट्रीय सिन्धी भाषा विकास परिषद् की ओर आयोजित परीक्षा में सिन्धी भाषा के सर्टीफिकेट में 62 विद्यार्थी कोर्स, डिप्लोमा में 52 एडवांस डिप्लोमा में 29 उपस्थित रहे। इस अवसर पर केंद प्रभारी कन्हैयालाल भुरानी, सिंधी समाज के मुखी गोकुलदास मृगवानी, प्रभु दयाल , राजेश कामदार, राजेश पमनानी, लक्ष्मण दास , सुनील बत्रा मौजूद रहे।

भगवान कृष्ण के जयकारों से गूंजा पांडाल

निवाई। श्रीकुंज बिहारी आश्रम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के दौरान श्री कृष्ण जन्मोत्सव उत्साह के साथ मनाया गया। कृष्ण जन्म होते ही श्रद्धालु भगवान कृष्ण के जयकारे लगाने लगे। जिससे पूरा माहौल भक्ति मय हो गया।

कथा के शुभारंभ पर मुख्य यजमान शशि भूषण शर्मा एवं आरती शर्मा ने पंडित गिरजाशंकर शास्त्री के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण की विधिवत पूजा-अर्चना कर आरती की। श्रद्धालु डॉ. रविकांत शर्मा ने बताया कि महामंडलेश्वर श्रीरामकृष्ण दास वेदांती महाराज ने कथा में गजेंद्र मोक्ष कथा, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीराम जन्म तथा भगवान श्रीकृष्ण अवतार की दिव्य एवं प्रेरणादायक कथाओं का भाव पूर्ण वर्णन किया। इस दौरान पूरा वातावरण जय श्रीकृष्ण के उद्घोष से गूंज उठा। महाराजश्री ने प्रवचनों के माध्यम से भक्ति, कर्म और धर्म का गूढ़ संदेश दिया, जिसे सुनकर श्रोता भाव-विभोर हो उठे। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की जीवन्त एवं आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भक्ति रस में डूबे भक्तों ने मधुर भजनों पर झूम-झूमकर नृत्य किया। भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के अवसर पर एक-दूसरे को बधाइयाँ भी दी गई। इस अवसर पर रामकिशोर, रामप्रसाद, जितेंद्र, गोपाल, आशीष, पवन, सुमन, माया व आरती सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मिन अभिभाष्यगण सुरेश वर्मा पुत्र स्व. श्री राजू लाल वर्मा एवं श्रीमती नीलू वर्मा पत्नी सुरेश वर्मा निवासीगण मकान नम्बर 244, सुभाष कालोनी, शास्त्री नगर, जयपुर के निवासी हैं। मिन अभिभाष्यगण का पुत्र तरूण कुमावत मिन अभिभाष्यगण के कहने में नहीं है इसलिए मिन अभिभाष्यगण ने अपने पुत्र तरूण कुमावत को उनकी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मिन अभिभाष्यगण के पुत्र तरूण कुमावत से यदि कोई संव्यवहार करता है तो उसके लिए वह स्वयं ही जिम्मेदार होगा तथा इससे मिन अभिभाष्यगण व मिन अभिभाष्यगण के परिवारजन का कोई संबंध नहीं होगा।

जयपुर (तनिशा कुमावत) एडवोकेट
दिनांक-11.1.26 मो.-9166449977, 7877266233

खोया पाया

मैं नीरू धवन पत्नी श्री नरेन्द्र कुमार बैरवा, पता-163, इंद्रा नगर गोनेर रोड जयपुर दिनांक 18/11/2025 को मेरे घर की रजिस्ट्री से सम्बंधित दस्तावेज रजिस्ट्री का साईट प्लान, संशोधन पत्र के ई-चालान की रसीद तथा संशोधन पत्र पे से मेरी (नीरू धवन) की फोटो कहीं खो गए है। जिसकी ऑनलाईन FIR No. LR No: 3013916/2026 है मिलने पर सूचित करें 9001180960

कई धार्मिक अनुष्ठान हुए

निवाई। 12 ज्योतिर्लिंगों में से प्रथम ज्योतिर्लिंग भगवान सोमेश्वर के प्रति अटूट आस्था एवं अविस्मरणीय बलिदान के 1 हजार वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन से आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को लेकर भाजपा के कार्यकर्ताओं ने कई धर्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया। भाजपा शहर अध्यक्ष नितिन छाबडा ने बताया कि सोमनाथ स्वाभिमान पर्व को लेकर पेट्रोल पम्प वाले बालाजी के भोलेनाथ मंदिर में भाजपा शहर मंडल एवं बालाजी भक्त मंडली के संयुक्त तत्वावधान में भगवान भोलेनाथ की फूल मालाओं से आकर्षक झांकी सजाकर मंदिर में ओंकार मंत्र, रामधुनी, सुंदर कांड के पाठ सहित भजन संकीर्तन किया। इस अवसर पर भाजपा शहर महामंत्री डॉ. जयनारायण कुमावत, अक्षय शर्मा, गोविन्द शर्मा, राहुल जांगिड़, गोलू जांगिड़, रमेश सैनी, बद्री जांगिड़, राजेन्द्र, रामधन चौधरी, छीतर कुमावत, गणेश सैनी, बद्री मीणा व सन्तोष सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

फ्लाईओवर के लिए तकनीकी अधिकारियों का मौका मुआयना

पावटा। दिल्ली-जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पावटा कस्बे में बढ़ते जाम से निजात दिलाने को लेकर पूर्व विधायक सुभाष चन्द्र शर्मा ने केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर फ्लाईओवर व अंडरपास निर्माण की मांग की है।

शर्मा ने पत्र में बताया कि पावटा उपखण्ड मुख्यालय पर राजमार्ग निर्माण के दौरान पूर्व में एक अत्यंत छोटा अंडरपास बनाया गया था। संकीर्ण निर्माण के चलते प्रतिदिन भारी जाम की समस्या उत्पन्न होती है, जिससे कस्बे का सामान्य आवागमन प्रभावित रहता है। स्थानीय निवासियों के अलावा आसपास के लगभग 50 से अधिक गांवों के हजारों लोग प्रतिदिन पावटा होकर विभिन्न कार्यालयों व बाजारों की ओर आते-जाते हैं। पूर्व विधायक ने पत्र में मुख्य स्टैंड पर भाँकरी रोड के सामने बड़ा व ऊँचा फ्लाईओवर, राजकीय उपजिला अस्पताल के सामने दूसरा फ्लाईओवर तथा नवोदय रोड के सामने ऊँचा अंडरपास निर्माण की आवश्यकता जताई। शर्मा ने कहा कि जब तक दो फ्लाईओवर और एक बड़ा अंडरपास नहीं बनाया जाएगा, तब तक पावटा कस्बा जाम की समस्या से मुक्त नहीं हो सकेगा। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि 13 जनवरी 2025 को भी इसी संबंध में केंद्रीय मंत्री को पत्र भेजकर समस्या के समाधान की मांग की गई थी। जिसके तहत पावटा में फ्लाईओवर की समस्या के निराकरण के लिए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को लिखे पत्र के बाद मिले निर्देशों के तहत शनिवार को एनएचएआई के तकनीकी अधिकारियों और इंजीनियरों की टीम ने पावटा फ्लाईओवर के लिए निरीक्षण किया और फिजिबिलीटी की जाँच कर रिपोर्ट बनाई जिसमें उपजिला अस्पताल पावटा के सामने बड़ा फ्लाईओवर तथा नवोदय रोड के सामने ऊँचा अंडरपास बनाए जाने की सहमति व्यक्त की। इस मौके पर कन्हैया लाल मीणा, दिलीप योगी, ओमप्रकाश इंदौरिया,दीपक पटेल, ललित शर्मा, मुकेश सैनी, हरि प्रसाद वर्मा सहित गांव के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

■ पावटा कस्बे में बढ़ते जाम से निजात दिलाने को लेकर पूर्व विधायक सुभाष चन्द्र शर्मा ने केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा था

भव्य सुंदरकांड पाठ

निवाई। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा की द्वितीय वर्षगांठ के उपलक्ष में श्रीमंशापूर्ण बालाजी के मंदिर में बालाजी भक्त मंडल के तत्वावधान में भव्य सुंदरकांड के पाठ का आयोजन हुआ। इस दौरान छप्पन भोग की झांकी सजाई गई। मंडल अध्यक्ष विशाल सैनी ने बताया कि बालाजी भक्त मंडली द्वारा हर वर्ष की भांति शनिवार को भव्य सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया। इस दौरान लक्ष्य शर्मा, राहुल शर्मा, गौरव गौतम व तरुण द्वारा सुंदरकांड पाठ के साथ भजनों की प्रस्तुतियांदी। भजना सुनकर श्रद्धालुओं ने जमकर भक्ति नृत्य किया। इस दौरानबालाजी की छप्पन भोग झांकी व शशि शेखर महादेव के महाकाल स्वरूप श्रृंगार ने भक्तों का मन मोह लिया। मंडल सदस्य अभिषेक गुप्ता व अनुराग शर्मा ने बताया कि बालाजी भक्त मंडली द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के धार्मिक आयोजन किए जाते है। उन्होंने बताया कि मंडली का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक हिंदू विशेष रूप से युवा वर्ग को भारतीय संस्कृति व सनातन धर्म से जोड़ना है।

विवाधकों के स्थिरीकरण के लिए सम्मन
(आदेश 5 के नियम 1 ओर 5)
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी स्थान लक्ष्मणगढ़ सीकर
कयामुदीन बनाम मुंशी आदि
वाद बाबत - उदघोष व स्थाई निषेधाज्ञा
वाद स0 233 सन 2021

2/1 सुगरा पत्नी इमामुदीन जाती मुसलमान निवासी कस्बा लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर राज. 27/3 जुबेदा पुत्री रहमान जाती मुसलमान निवासी वार्ड न. 13 कस्बा लक्ष्मणगढ़ जिला सीकर वादी ने अपने विरुद्ध उद्घोषणा व स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद पंजीयन किया है। आपका इस न्यायालय में 13.01.2026 को दिन में 10 बजे दावे का उतर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए वचन दिया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है।

जिसे सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद से संबंधित जो ऐसे सब प्रश्नों के उतर दे सके। आपको ये आदेश भी दिया जाता है आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित साक्ष्य दाखिल करें। और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे में है या शक्ति में है पेश करें। जिन पर आपकी प्रतिरक्षा दाखिल / सुरजाई का दावा या प्रतिदावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे व आपके कब्जे में व शक्ति में है तो अपना प्रतिरक्षा या मुजाराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो आप ऐसे दस्तावेजों को उल्लिखित समय के वाद उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई ओर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा । यह वाद ता. 30 माह 12 सन 2025 को मेरे हस्ताक्षर से ओर न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत
न्यायाधीश
उपखंड अधिकारी
लक्ष्मणगढ़ (सीकर)

'नशे और ऑनलाइन गेम्स जैसी बुरी आदतों से दूर रहे खिलाड़ी'

पावटा । हर वर्ष 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद का जन्मदिवस युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है । फुटबॉल कोच ग्राम भांकरी निवासी जुडवा भाई हर्षवर्धन शर्मा व यशवर्धन शर्मा ने कहा कि विवेकानंद युवाओं में देश की उन्नित और परिवर्तन की संभावनाएं देखते थे। उनका मानना था कि युवा पीढ़ी में लोहे जैसी मांसपेशियां और फौलादी नसों के साथ वठातुल्य संकल्प होना चाहिए। उनका उद्देश्य था कि युवा मातृभूमि और जनता की सेवा करने के लिए दृढ़ इच्छाशक्ति से प्रेरित हों। कोच हर्षवर्धन व यशवर्धन ने सभी खिलाड़ियों से आव्हान किया कि वे नशे और ऑनलाइन गेम्स जैसी बुरी आदतों से दूर रहकर खेलों को अपने जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाएं। उन्होंने कहा कि खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और स्वस्थ जीवनशैली का सशक्त आधार हैं, जो युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं। उन्होंने खिलाड़ियों से आठाह किया कि वे खेल भावना के साथ प्रतियोगिताओं में भाग लें, हार-जीत को सहज रूप से स्वीकार करें और निरंतर मेहनत व अनुशासन के साथ आगे बढ़ें।

मानकों का उल्लंघन करने वाले खाद्य कारोबारियों पर प्रशासन सख्त

कोटपूतली । अतिरिक्त जिला कलेक्टर ओमप्रकाश सहारण के निर्देशन में जिले में संचालित होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, किराना दुकान एवं गोदामों में मिलावटी व अशुद्ध खाद्य पदार्थों के विरुद्ध प्रशासन सतर्कता से कार्रवाई कर रहा है। इसके लिए खाद्य सुरक्षा अधिकारी की विशेष टीम गठित कर निरंतर जांच की जा रही है।

इसी क्रम में जांच के दौरान खाद्य पदार्थ मिसब्रांडेड, अनसेफ एवं सब-स्टैंडर्ड पाए जाने पर अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा सुनवाई कर संबंधित फर्मों / खाद्य कारोबारकर्ताओं पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत पिछले 1 साल में कुल 38 लाख 80 हज़ार रुपये तक का अर्थदण्ड लगाया जा चुका है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 96 के प्रावधान अनुसार फर्मों / खाद्यकारोबारकर्ता पर अधिरोपित कोई शास्ति, यदि उसका संदाय नहीं किया जाता है तो भूराजस्व के बकाया के रूप में वसुल की जावेगी और शास्ति का संदाय होने तक व्यतिक्रमी की अनुज्ञिप्त निलंबित रहेगी।

उन्होंने बताया कि अधिआरोपित अर्थ दण्ड जुर्माना 30 दिन के अन्दर जमा नहीं कराने वाले के खिलाफ अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला कोटपूतली-बहरोड़ को खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 नियम 2011 की धारा 96 के तहत कार्यवाही प्रस्तावित कर जुर्माना राशि वसूल करने एवं राजकोश में जमा करवाने के निर्देश दिये गये है। यह है मिसब्रांडेड, अनसेफ और सब-स्टैंडर्ड फूड पर एनएफएसए के तहत प्रावधान सहारण ने बताया कि यदि कोई खाद्य कारोबारकर्ता या विक्रेता ऐसा खाद्य पदार्थ बेचता है जिसमें गलत या अधूरी जानकारी दी गई हो, नकली ब्रांड नाम से पैकिंग की गई हो, विज्ञापन में भ्रामक दावे किए गए हों या पैकेट पर गलत वजन व सामठी अंकित की गई हो, तो वह खाद्य पदार्थ मिसब्रांडेड फूड की श्रेणी में आता है। इस पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 52 के तहत 3 लाख रुपये तक जुर्माना लगाया जा सकता है। इसी प्रकार यदि कोई खाद्य पदार्थ निर्धारित मानक गुणवत्ता का पालन नहीं करता, पोषण मानक पूरे नहीं करता, निर्धारित अनुपात से कम गुणवत्ता का होता है या उत्पादन एवं प्रोसेसिंग में लापरवाही पाई जाती है, तो वह सब-स्टैंडर्ड फूड की श्रेणी में आता है। इस पर धारा 51 के तहत 5 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। वहीं ऐसा खाद्य पदार्थ जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो और जिसके सेवन से बीमारी या मृत्यु तक हो सकती है, जैसे जहरीले रसायन अथवा कीटनाशक अवशेषों से युक्त सब्जियां, फफूंदी लगा अनाज, फॉर्मलिन मिली मछली या दूषित पानी से बनी बर्फ आदि, उसे अनसेफ फूड माना जाता है। इस पर धारा 59 के तहत 6 माह से आजीवन कारावास तथा 1 लाख से 10 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने विभिन्न संस्थानों पर नियमानुसार 38 लाख से अधिक का अर्थदंड लगाया ।

■ खाद्य सुरक्षा अधिकारी की विशेष टीम गठित कर निरंतर की जा रही जांच

Office Of The Gram Panchayat Syalodara P.S. Patan

Sr.No.-07 Date-09.01.2026

Notice Inviting Bid

Bids For Various Works in G.P. Syalodara are invited from Intrested Bidders Upto 16.01.2026 Time 01.00 P.M Others particulers of the BID may be visited in office or on the Procurment Portal http://sppp.rajasthan.in of the State Portal.

NIB NO.-PKP2526A0171
UBN NO.- PKP2526WSOB00266 PKP2526WSOB00267

Administrator VDO
G.P. Syalodara P.S Patan G.P. Syalodara P.S Patan

Office Of The Gram Panchayat Biharipur P.S. Patan

Sr.No.-82 Date-07.01.2026

Notice Inviting Bid

Bids For Various Works in G.P. Biharipur are invited from Intrested Bidders Upto 15.01.2026 Time 01.00 P.M Others particulers of the BID may be visited in office or on the Procurment Portal http://sppp.rajasthan.in or https://eproc.rajasthan.in of the State Portal.

NIB NO.-	UBN NO.-
PKP2526A0167	PKP2526WSLB00260
PKP2526A0168	PKP2526WSLB00261
PKP2526A0169	PKP2526WSOB00262

Administrator VDO
G.P. Biharipur P.S Patan G.P. Biharipur P.S Patan

शिक्षक दिनेश कुमार सैनी राष्ट्र गौरव पारस रत्न से सम्मानित

राजगढ़ । उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बडला के शिक्षक दिनेश कुमार सैनी को राष्ट्र गौरव पारस रत्न शिक्षक सम्मान 2026 से बरेली, उत्तर प्रदेश में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक डॉ. महेंद्र देव रहे और विशिष्ट अतिथि डॉ. अरुण कुमार वन और पर्यावरण मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार रहे । 11 राज्यों से 151 लोगों का चयन राष्ट्र गौरव पारस रत्न शिक्षक सम्मान के लिए किया गया । राजस्थान से दो शिक्षकों का चयन किया गया । इनमें एक शिक्षक दिनेश कुमार सैनी का चयन अलवर जिले से किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में किये गए नवाचार के लिए इनका चयन किया गया । गतिविधि आधारित शिक्षण, खेल खेल में शिक्षा और मनोरंजन गतिविधि के द्वारा छोटे बच्चों को शिक्षण करवाया जाता है। जिससे बच्चें अच्छी तरह से सीखते है और रुचि लेकर अपना शिक्षण कार्य करते है। देश के 11 राज्यों के नवाचारी शिक्षकों को सम्मानित किया है । इस कार्यक्रम का आयोजन एक गूंज सेवा समिति उत्तर प्रदेश के द्वारा जगपाल सिंह चौहान स्मृति में किया गया । इस समिति के संस्थापक और अध्यक्ष प्रतिपाल सिंह "बन्टी ठाकुर " हैं, इनके द्वारा गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद की जाती हैं । जिसमे देशभर के शिक्षकों ने भाग लिया । शिक्षक दिनेश कुमार के द्वारा के कार्य को राजस्थान मे सबसे पहले किया गया और 2024 में राज्यपाल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इनके नवाचार देशभर में सोशल मीडिया के द्वारा सबसे ज्यादा देखे जाते हैं ।राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बड़ला के शिक्षक दिनेश कुमार सैनी को राष्ट्र गौरव पारस रत्न शिक्षक सम्मान 2026 से बरेली, उत्तर प्रदेश में सम्मानित किया गया।

राजगढ़ उपखंड क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बडला के शिक्षक दिनेश कुमार सैनी को राष्ट्र गौरव पारस रत्न शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया ।

कार्यालय सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी, प्राथ. स्वा. केन्द्र झीवाना (तिजारा) खैरथल-तिजारा

क्रमांक -2025/198 **खुली निविदा सूचना** दिनांक :

सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी प्राथ. स्वा. केन्द्र झीवाना (तिजारा) द्वारा निम्न सेवाये उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत संस्था से निम्नानुसार निविदा आमन्त्रित की जाती है।

क.स.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (लाखों में)	अमानत राशि रुपए	निविदा शुल्क रुपए	बोली प्रपत्र प्राप्ती की अन्तिम तिथि व समय	बोली प्रपत्र जमा कराने की अन्तिम तिथि व समय	बोली प्रपत्र खोलने की तिथि व समय
1.	मशीन विद मैन (संविदा) कम्प्यूटर ऑपरेटर(1)	180000/-	3600/-	100	16.1.2026 12.00 PM	16.1.2026 1.00 PM	16.1.2026 2.00 PM
2.	सफाई कार्य	144000/-	2880/-		16.1.2026 12.00 PM	16.1.2026 1.00 PM	16.1.2026 2.00 PM

नियम एवं शर्तें
1. निविदाएँ दोहरी बिड प्रणाली अनुसार प्रस्तुत करनी होगी। पहला लिफाफा (क) तकनीकी बिड का होगा जिसमें अमानत राशि का डीडी / बैंकर्स चैक, समस्त वांछित डॉक्युमेंट की प्रमाणित छाया प्रति मय निविदा फार्म लगाया जायेगा। डीडी/बैंकर्स चैक राजस्थान मेडिक्येर रिलीफ सोसाइटी, झीवाना के नाम से व खैरथल-तिजारा शाखा पर देय होगा। दुसरा लिफाफा (ख) वितीय बिड का होगा, जिसमें सिर्फ प्रस्तावित दरें ही दी जावेगी । तकनीकी बिड में सफल निविदादाताओं की ही वितीय बिड खोली जावेगी ।
2. प्राप्त निविदाएँ दिनांक 16.01.2026 को दोपहर 1.00 तक जमा की जायेगी तथा 16.01.2026 को दोपहर 2.00 निविदा समिति के सदस्यों द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी ।
3. तकनीकी विवरण एवं निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ उपलब्ध है। जो कार्यालय समय में निर्धारित शुल्क जमा करा प्राप्त की जा सकती है ।
4. अधिक जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in वेबसाईट पर उपलब्ध है।
5. निविदा को स्वीकृत / अस्वीकृत करने के सम्बन्ध मे समस्त अधिकार कमेटी के पास रहेगा।

सचिव राज. मेडीकेयर रिलिफ सोसायटी
प्राथ0स्वा0केन्द्र झीवाना, तिजारा